अंगूठा लगवाकर महीनों का राशन हड़पने का आरोप

प्रतापपुर के ग्रामीणों ने तहसीलदार से लगाई न्याय की गुहार

नवभारत न्यूज

सतना 28 मई, जिले की बिरसिंहपुर तहसील अंतर्गत ग्राम प्रतापपुर की शासकीय उचित मूल्य राशन दुकान एक बार फिर विवादों में घिर गई है। गांव के दर्जनों ग्रामीणों ने तहसीलदार बिरसिंहपुर को लिखित शिकायत सौंपते हुए राशन वितरण में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और अनियमितताओं का आरोप लगाया है। शिकायत सामने आने के बाद गांव में हड़कंप मच गया है।

ग्रामीणों का आरोप है कि

राशन दुकान का सेल्समैन हितग्राहियों से अंगूठा लगवाकर केवल एक माह का राशन देता है, जबकि रिकॉर्ड में कई महीनों का राशन वितरण दिखा दिया जाता है। शिकायत पत्र में उल्लेख किया गया है कि नवंबर 2025 से फरवरी 2026 तक कई पात्र हितग्राहियों के नाम पर राशन चढ़ा दिया गया, लेकिन उन्हें वास्तविक रूप से सामग्री नहीं मिली।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि दुकान में पदस्थ सेल्समैन अशोक द्विवेदी द्वारा लंबे समय से मनमानी की जा रही है। कई बार शिकायत करने के बावजूद स्थिति में सुधार नहीं हुआ। लोगों का कहना है कि गरीब परिवारों के हिस्से का राशन कागजों में बांटकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है।

शिकायत में यह भी कहा गया है कि कुछ लोगों के नाम से ई-केवाईसी और वितरण प्रक्रिया पूरी दिखाकर राशन की हेराफेरी की गई। ग्रामीणों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत पत्र में गांव के कई लोगों के हस्ताक्षर भी मौजूद हैं, जिससे ग्रामीणों में भारी नाराजगी

ग्रामीणों का कहना है

ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे जनआंदोलन करने को मजबूर होंगे। अब सबकी नजर प्रशासन पर टिकी है कि आखिर गरीबों के राशन में कथित घोटाला करने वालों पर क्या कार्रवाई होती है।

बाथरूम में 15 सांप के बच्चे मिलने से हड़कम्प

नवभारत न्यूज

मैहर 29 मई, नगरपालिका मैहर क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 15 में भाजपा नेता पारस नाथ तिवारी के घर के बाथरूम में सांप दिखाई दिया ।

जिसके बाद आस पास के इलाके में हड़कम्प मच गया जिसकी सूचना में सर्प मित्र गफ्फार को बुलाया गया गफ्फार ने कई घंटों की मसक्कत के बाद एक एक कर 15 सांप के बच्चे पकड़े जिसे रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ छोड़ दिया गया।

ग्रामोदय विवि में हुई प्रार्थना सभा

नवभारत न्यूज

चित्रकूट, 29 मई । महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के सी.एम.सी.एल.डी.पी. सभागार में आज प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथि शिक्षकों एवं शोधार्थियों द्वारा के उच्चारण, सरस्वती वंदना एवं कुलगीत के सामूहिक गायन से हुआ।

कार्यक्रम के अंतर्गत नितिन कुमार ने भगवद्गीता के श्लोक एवं उनके भावार्थ प्रस्तुत किए। जय किशोर मिश्रा ने वीर सावरकर के जीवन प्रसंगों पर प्रेरक विचार व्यक्त किए। श्रद्धा सिंह ने हेल्थ इन द डिजिटल एज विषय पर अपने विचार रखते हुए वर्तमान समय में डिजिटल जीवनशैली के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों एवं सावधानियों की जानकारी दी। गायत्री देवी द्वारा कविता पाठ प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात प्रो0 साधना चौरसिया, उप कुल सचिव अकादमी द्वारा मासिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। सभी प्रतिभागियों ने प्रेरणा गीत के माध्यम से वातावरण को उत्साहपूर्ण बनाया। आयुर्वेद विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ राकेश कुमार श्रीवास्तव ने मानसिक स्वास्थ्य विषय पर केंद्रित विचार व्यक्त किए।

प्रार्थना सभा के दौरान कुलसचिव प्रो आञ्जनेय पांडेय द्वारा विद्यार्थियों एवं उपस्थितजनों को मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक भजन "रघुपति राघव राजा राम" एवं समापन घोषणा के साथ हुआ।

कार्यक्रम का संचालन श्रीमती चंदा शर्मा ने किया। इस मौके पर संगीत इकाई सहित ग्रामोदय विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी, शोधार्थी एवं छात्र छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम का संयोजन डॉ विवेक फड़नीस ने किया।

नागौद के तत्कालीन सीएमओ ने कहां - कहां और कैसे किया वित्तीय गड़बड़ियां

नवभारत न्यूज

सतना 28 मई. नगर परिषद नागौद के तत्कालीन प्रभारी सीएमओ और वर्तमान में नगर पालिका मैहर के बड़े बाबू लखन लाल ताम्रकार ने किस तरह और कहां कहां वित्तीय गड़बड़ी करके शासन और नगर परिषद को वित्तीय क्षति पहुंचाई गई। जिसमें आडिट में आपत्ति

कर वसूली के आदेश दिये हैं। शासकीय वाहन की टैंक क्षमता से अधिक डीजल का फर्जीवाड़ा - तत्कालीन सीएमओ के बोलेरो वाहन की ईंधन टैंक क्षमता मात्र 60 लीटर होने के बावजूद रिकॉर्ड में एक बार में 70 से 114 लीटर तक डीजल भरवाना दर्शाया गया, जो कि प्रथम दृष्टया रिकॉर्ड की कूटरचना की ओर संकेत करता है। साथ ही मीडिया प्रभारी, उपाध्यक्ष व उपयंत्री जैसे अपात्र व्यक्तियों/वाहनों को नियम विरुद्ध ईंधन बांटकर रू. 3,10,353/- का अनियमित व्यय किया गया।

लोकसभा निर्वाचन में कलेक्टर के आदेशों की अवहेलना- लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सतना के स्पष्ट आदेश थे कि मतदान दलों के भोजन का भुगतान व्यक्तिशः (स्वयं) किया जाएगा। इसके बावजूद नियमों को ताक पर रखकर निकाय निधि से एक टेंट हाउस को रू. 1,40,900/- का नियम विरुद्ध भुगतान कर दिया गया।

दुकान प्रीमियम और पार्किंग वसूली में लापरवाही- मीट मार्केट एवं फिल्टर प्लांट की दुकानों की नीलामी में उच्चतम बोलीदाताओं द्वारा समय पर राशि जमा न करने पर भी उनकी जमा राशि राजसात नहीं की गई और न ही नियमानुसार 1 प्रतिशत मासिक ब्याज वसूला गया, जिससे लाखों के राजस्व की हानि हुई। इसी तरह बस स्टैंड पार्किंग ठेके की बकाया किश्त रू. 3,32,917/- जमा न होने पर भी ठेकेदार पर कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की गई।

वरिष्ठ अधिकारियों और मैहर सीएमओ को पत्राचार-ऑडिट दल के कड़े निर्देश के बाद संभागीय संयुक्त संचालक (नगरीय प्रशासन एवं विकास, रीवा संभाग) एवं संयुक्त संचालक (स्थानीय निधि संपरीक्षा, रीवा) को अनुशासनात्मक कार्रवाई हेतु सूचित किया गया है। नगर पालिका मैहर को स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि बिना संपूर्ण राशि की वसूली या संपरीक्षा दल से ऑडिट आपत्ति के निराकरण के संबंधित कर्मचारी को किसी भी स्थिति में अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) जारी न किया जाए, अन्यथा भुगतानकर्ता/NOC जारीकर्ता अधिकारी व्यक्तिगत रूप से इस आर्थिक क्षति के लिए उत्तरदायी होंगे।

मांग से 10 गुना अधिक सामग्री क्रय

नल कनेक्शन सामग्री के लिए प्राप्त एक साधारण आवेदन की चार फोटोकॉपी कराकर टुकड़ों में चार फाइलें बनाई गईं और मांग से 10 गुना अधिक सामग्री खरीदकर रू. 1,83,018/- का अनियमित भुगतान स्थानीय सप्लायरों को किया गया। इसी प्रकार ई-टेंडर से बचने हेतु पानी टैंकर ढोला क्रय में फाइलों का विखंडन कर रू. 49,590/- की आर्थिक क्षति पहुंचाई गई।

एलईडी और विद्युत सामग्री क्रय में तीन गुना अधिक भुगतान

वार्षिक निविदा प्रक्रिया में जानबूझकर देरी की गई और ई-टेंडरिंग से बचने के लिए एक-एक लाख के भीतर फाइलों का विखंडन (Splitting) किया गया। इसके बाद कोटेशन के माध्यम से बाजार दरों से दो से तीन गुना अधिक दरों पर सामग्री खरीदकर निकाय को लगभग रू. 5,54,050/- (एलईडी ऑटोकट में 2,62,800/-, अन्य एलईडी लाइट में 1,64,996/-, ट्यूब रॉड में 35,900/- एवं वार्षिक दर उपेक्षा में 90,354/-) का चूना लगाया गया।

राम खेलावन बने पुनः कुर्मी समाज के अध्यक्ष

सांसद प्रतिनिधि कालिका प्रसाद पटेल ने जताया हर्ष

नवभारत न्यूज

रामनगर 29 मई, मध्यप्रदेश शासन के पूर्व राज्यमंत्री अमरपाटन विधायक रामखेलावन पटेल को मध्यप्रदेश कुर्मी समाज का पुनः अध्यक्ष बनाये जाने पर क्षेत्रीय समाज के लोगों प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई व शुभकामनाएं दीं हैं।

इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि ए-क्लास संविदाकार एवं समाजिक कार्यकर्ता कालिका प्रसाद पटेल ने उत्साह पूर्वक बधाइयां व शुभकामनाये देते हुए कहा की पूर्व मंत्री के कुशल मार्गदर्शन में समाज के सभी उम्र वर्ग को एक सूत्र में बंधकर समाज की सामूहिक उन्नति व सर्वांगीण विकास में अपना अमूल्य योगदान देते हुए,विकास के रास्तों पर सतत अग्रसर होंगे।

बढ़ती गर्मी को देखते हुए अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें, पर्याप्त पानी पीते रहें: डॉ. यादव

- मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से किया आह्वान

सतना 29 मई, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ग्रीष्मकाल के दौरान प्रदेश में बढ़ते हुए तापमान और अधिक गर्मी से होने वाली कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए प्रदेशवासियों से अपने स्वास्थ्य के प्रति सावधानी बरतने और बचाव के आवश्यक उपाय अपनाने का आह्वान किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि ग्रीष्मकाल के दौरान प्रदेश में बढ़े हुए तापमान और अधिक गर्मी देखते हुए सभी प्रदेशवासी अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। पर्याप्त पानी पिएं, बच्चों को हाइड्रेटेड रखें और बाहर निकलते समय पानी की बोतल अवश्य साथ रखें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सेवाभावी नागरिकों द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर पेयजल की व्यवस्था करना मानवता की सच्ची सेवा है। हम सभी को इस दिशा में आगे आना चाहिए।

लू व तापघात से बचाव के लिये एडवायजरी जारी

नवभारत न्यूज

सतना 29 मई, वर्तमान मौसम में गर्मी का प्रभाव बढने लगा है तथा आगामी दिवस में इसमें और बढोतरी की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए आमजनों को एडवायजरी जारी कर सलाह दी गई है कि इस मौसम में अनावश्यक दोपहर के समय घर से बाहर नही निकले।

माह मई एवं जून में तापमान की अधिकता के कारण गर्म हवाओ के रूप में लू चलती है, जिससे आमजनों को भी लू लगने की समस्या हो सकती है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज शुक्ला ने बताया, कि अत्याधिक गर्मी एवं तेज धूप के सम्पर्क में आने से शरीर में पानी एवं नमक (लवण) की कमी हो जाती है, जिससे लू लगने की संभावना बढ जाती है। ऐसी स्थिति में आवश्यक सावधानियां अपनाना अत्यंत आवश्यक है। अनावश्यक धूप में निकलने से बचना चाहिये, यदि आवश्यक हो, तो सिर पर कपडे या गमछे का उपयोग करे। आखों पर चश्मा पहन कर चले। घर से बाहर निकलने से पहले कुछ खाकर निकले, जरूरी कार्य सुबह जल्दी या सायंकाल को करे। नोडल अधिकारी डॉ प्रदीप गौतम ने बताया, कि तेज बुखार, सिसदर्द, चक्कर आना, उल्टी, मुहं का सुखना, अत्यधिक प्यास लगना, कमजोरी, पूरे शरीर में दर्द, पसीना नही आना, पेशाब कम आना या पीले गहरे रंग का आना, भूख नही लगना एवं बैहोसी जैसे लक्षण लू के संकेत हो सकते है। ऐसे लक्षण दिखाई दे तो संबन्धित व्यक्ति को तुरंत छायादार एवं ठंडे स्थान पर लिटाकर प्राथमिक उपचार प्रदान करना चाहिए तथा तुरंत ही नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर चिकित्सक को दिखाना चाहिये। लू से बचाव के लिये अत्याधिक मात्रा में पानी एवं तरल पदार्थो का सेवन करना चाहिए, सूती वस्त्र पहनें एंव ओ.आर.एस.का घोल का सेवन करना चाहिए। धूप में लंबे समय तक कार्य करने से बचना चाहिए। साथ ही दोपहर के समय किचन भट्टी पर कार्य को भी टालना चाहिये। तरल पेय पदार्थ जैसे पानी, छांछ, नींबू का रस, फ्लों का रस, तरल पेय पदार्थो का उपयोग निरंतर करते रहना चाहिए। डॉ. गौतम ने बताया कि अधीनस्थ चिकित्सकों को इसके लिये निर्देश जारी कर दिये है तथा पर्याप्त मात्रा में ओ.आर.एस. एवं अन्य दवाईयां की व्यवस्था रखने के निर्देश भी दिए गए हैं।

शासकीय आईटीआई सतना में कैंपस प्लेसमेंट का सफल आयोजन

नवभारत न्यूज

सतना, 29 मई । शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) सतना में आज कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। इस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन एनएस सर्विसेज कंसल्टेंसी द्वारा किया गया, जिसमें प्रमुख सोलर कंपनियों Rayzon Solar, Waaree Power एवं Sangam Solar ने भाग लिया। कंपनियों के प्रतिनिधियों ने उपस्थित होकर अभ्यर्थियों की चयन प्रक्रिया संपन्न कराई।

कैंपस प्लेसमेंट में आईटीआई के

विभिन्न ट्रेडों के कुल 90 छात्र-छात्राओं ने पंजीयन कराया। चयन प्रक्रिया के अंतर्गत दस्तावेज सत्यापन, लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार आयोजित किए गए, जिसमें 53 अभ्यर्थियों का चयन कर उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान किए गए। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष भगवती प्रसाद पांडेय, विक्रम सिंह बिसेन (औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था विकास समिति सदस्य एवं सांसद प्रतिनिधि), संस्था के प्राचार्य अजय सिंह बागरी, प्लेसमेंट अधिकारी अजय शुक्ला, विवेक तिवारी, सुशांत सिंह, यादवेन्द्र सिंह, अक्षत शर्मा, अनूप सिंह एवं संस्था के अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

भाजपा जिला अध्यक्ष भगवती प्रसाद पांडेय ने अपने संबोधन में कहा कि युवाओं को तकनीकी शिक्षा के साथ रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कैंपस प्लेसमेंट कार्यक्रम विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा स्थानीय युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार प्राप्त करने का बेहतर अवसर प्रदान करते हैं।

संस्था प्राचार्य अजय सिंह बागरी ने बताया कि इस प्रकार के कैंपस प्लेसमेंट कार्यक्रम विद्यार्थियों को प्रशिक्षण के साथ रोजगार उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के आयोजन में संस्था के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों एवं एनएस सर्विसेज टीम का विशेष सहयोग रहा।

जिले में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित

पीएम-राहत योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर हुई बैठक

नवभारत न्यूज

सतना 29 मई, भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय एवं मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार सड़क दुर्घटना पीड़ितों को त्वरित, गुणवत्तापूर्ण एवं निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराने हेतु संचालित पीएम-राहत योजना के प्रभावी क्रियान्वयन, दावा भुगतान प्रक्रिया के सरलीकरण तथा पात्र हितग्राहियों तक योजना का लाभ समयबद्ध रूप से पहुँचाने के उद्देश्य से जिला स्तरीय वीडियो कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया।

बैठक में जिले में योजना के संचालन, दुर्घटना पीड़ितों के पंजीयन, उपचार, क्लेम प्रक्रिया तथा विभिन्न विभागों के मध्य समन्वय की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस, एसडीएम राहुल सिलड़िया, आरटीओ संजय श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज शुक्ला, एनआईसी की मैनेजर श्रीमती परमीत कौर, आशुतोष पायासी, अभिषेक सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान निर्देशित किया गया कि सड़क दुर्घटना में घायल प्रत्येक मरीज को शासन की मंशानुरूप तत्काल एवं सर्वोत्तम उपचार उपलब्ध कराया जाए तथा किसी भी पात्र हितग्राही को योजना के लाभ से वंचित न रहने दिया जाए। साथ ही दुर्घटना संबंधी प्रकरणों का समय पर पंजीयन, आवश्यक दस्तावेजों का संधारण एवं भुगतान प्रक्रिया का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि पीएम-राहत योजना गंभीर सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण एवं जीवनरक्षक पहल है। सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करें, जिससे प्रत्येक पात्र नागरिक को समय पर निःशुल्क उपचार एवं शासन द्वारा प्रदत्त सुविधाओं का लाभ प्राप्त हो सके।

राहवीर योजना बनी जिंदगी बचाने का संकल्प

नवभारत न्यूज

सतना 29 मई. सड़क पर किसी घायल की तड़पती जिंदगी को बचाने के लिए बढ़ाया गया एक हाथ अब केवल इंसानियत की मिसाल ही नहीं बनेगा, बल्कि शासन द्वारा सम्मानित भी किया जाएगा। सड़क दुर्घटनाओं में समय पर उपचार उपलब्ध कराने और आमजन को निसंकोच मदद के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से लागू की गई "राहवीर योजना" मानवता और संवेदनशीलता की नई पहचान बनकर उभर रही है। योजना के तहत यदि कोई व्यक्ति सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल पीड़ित को दुर्घटना के बाद "गोल्डन ऑवर" यानी पहले एक घंटे के भीतर अस्पताल पहुंचाकर उसकी जान बचाने में मदद करता है, तो उसे शासन द्वारा 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। दरअसल, कई बार सड़क हादसों में घायल लोग केवल इसलिए समय पर इलाज नहीं पा पाते क्योंकि राहगीर पुलिस कार्रवाई, पूछताछ या कोर्ट-कचहरी के झंझट के डर से मदद करने से बचते हैं।

सतना - सेमरिया रोड़ में दौड़ रही हैं खटारा बसें

नवभारत न्यूज

कोटर 29 मई, सतना - सेमरिया मार्ग में बिना फिटनेस और प्रदूषण जांच के खटारा यात्री बसें बिना सुरक्षा उपाय के चल रहीं हैं,यात्री जान जोखिम में डालकर यात्रा कर रहे हैं.

परिवहन विभाग की चेकिंग अभियान एवं फिटनेस प्रमाण पत्र की पोल खुल रही है, एक यात्री बस एमर्जेंसी गेट को कपड़े से बांध कर सड़क पर दौड़ रही है। यह सब आरटीओ की कमाई खोरी के चलते हो रहा है वर्षों से सतना में जमे आर पीओ रिटायर्ड होने के पूर्व जमकर लूट रहे हैं और यात्री परेशान हो रहे हैं।

असंगठित श्रमिकों के लिए बड़ा सहारा- प्रधानमंत्री श्रम-योगी मानधन योजना से सुरक्षित होगा भविष्य

60 वर्ष की आयु के बाद हर महीने मिलेगी 3 हजार रुपये की पेंशन, श्रमिकों को मिलेगा सामाजिक सुरक्षा का मजबूत आधार

नवभारत न्यूज

सतना 29 मई,असंगठित क्षेत्र में मेहनत कर अपने परिवार का जीवन चलाने वाले श्रमिकों के लिए केन्द्र सरकार की प्रधानमंत्री श्रम-योगी मानधन योजना भविष्य को सुरक्षित बनाने वाली महत्वपूर्ण पहल साबित हो रही है।

इस योजना के माध्यम से छोटे मजदूर, रेहड़ी-पटरी व्यवसायी, रिक्शा चालक, निर्माण कार्य से जुड़े श्रमिक एवं अन्य असंगठित क्षेत्र में कार्यरत कामगारों को वृद्धावस्था में आर्थिक सुरक्षा प्रदान की जा रही है। योजना के तहत पात्र श्रमिकों को 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने के बाद प्रतिमाह 3 हजार रुपये की सुनिश्चित पेंशन प्रदान की जाती है। खास बात यह है कि श्रमिक द्वारा जितना मासिक अंशदान जमा किया जाता है, उतनी ही राशि केन्द्र सरकार भी उसमें योगदान के रूप में जमा करती है। यानी यह योजना श्रमिकों के लिए "साझेदारी आधारित सामाजिक सुरक्षा कवच" बनकर सामने आई है। जानकारी के अनुसार 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के ऐसे श्रमिक, जिनकी मासिक आय 15 हजार रुपये से कम है, इस योजना का लाभ ले सकते हैं। आयु के अनुसार श्रमिक को प्रतिमाह 55 रुपये से 200 रुपये तक का अंशदान जमा करना होता है। उदाहरण के तौर पर यदि श्रमिक 55 रुपये जमा करता है तो सरकार भी उतनी ही राशि उसमें जोड़ेगी। योजना का लाभ लेने के लिए श्रमिक के पास आधार कार्ड, बचत बैंक खाता अथवा जन-धन खाता होना आवश्यक है। साथ ही आवेदक किसी अन्य केन्द्र सरकार की पेंशन योजना जैसे एनपीएस, ईएसआईसी या ईपीएफओ का सदस्य नहीं होना चाहिए और आयकर दाता भी नहीं होना चाहिए। पंजीयन प्रक्रिया बेहद सरल रखी गई है।

इच्छुक श्रमिक अपने नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर पर जाकर आधार कार्ड एवं बैंक खाते की जानकारी देकर आसानी से रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। पंजीयन के दौरान नामिनी दर्ज कराने की सुविधा भी उपलब्ध है। प्रारंभिक अंशदान जमा करने के बाद श्रमिक को श्रम-योगी कार्ड प्रदान किया जाता है।

यह योजना असंगठित क्षेत्र के लाखों श्रमिकों के लिए बुढ़ापे में सम्मानजनक जीवन और आर्थिक आत्मनिर्भरता का मजबूत माध्यम बन रही है। जिला प्रशासन ने पात्र श्रमिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में योजना से जुड़कर अपने भविष्य को सुरक्षित करें।